web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, रविवार 28 अक्टूबर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-33

## गणतंत्र दिवस समारोह में डोनाल्ड ट्रंप नहीं आएंगे भारत

नई दिल्ली। आखिरकार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गणतंत्र दिवस पर भारत का निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है. ट्रंप ने भारत न आ पाने के लिए 26 जनवरी के आसपास अपनी व्यस्तता को वजह बताया है. माना जा रहा कि ट्रंप का स्टेट ऑफ यूनियन को संबोधन मुख्य वजह है, जो कि 22 जनवरी से फरवरी के पहले सप्ताह के बीच हो सकता है.ट्रंप का यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब अमेरिका और भारत के रिश्तों में रूस से हथियारों की खरीद के चलते कुछ तनाव चल रहा है. रूस से डील के पहले तक कयास लगाए जा रहे थे कि ट्रंप 26 जनवरी को भारत आ सकते हैं, लेकिन बाद में अमेरिका का जैसा रुख रहा, उससे आशंका जताई जा रही थी कि ये दौरा रद्द हो सकता है.कुछ समय पहले ही व्हाइट हाउस की तरफ से बयान आया था कि ट्रंप गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत जाएंगे या नहीं, इस पर अभी तक फैसला नहीं लिया गया है. हालांकि, व्हाइट हाउस ने इससे पहले कहा था कि ट्रंप को निमंत्रण गणतंत्र दिवस के लिए ही दिया गया था. ट्रंप को यह निमंत्रण पीएम मोदी के 2017 के अमेरिकी दौरे पर दिया गया था.




व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव सारा सैंडर्स ने कहा था कि भारत से न्यौता मिला है, लेकिन मैं नहीं मानती कि इस पर अंतिम फैसला कर लिया गया है. दीगर है कि इससे पहले 2015 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी तमाम व्यस्तताओं के बीच से समय निकाल कर रिपब्लिक डे परेड में चीफ गेस्ट के तौर पर शिरकत की थी.

भारत में हर साल गणतंत्र दिवस के मौके पर खास मेहमानों को बुलाने की परंपरा रही है. साल 2015 में बराक ओबामा, 2016 में फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रैंकोईस होलैंड, 2017 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान और 2018 में आसियान के सभी 10 नेता भारतीय गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि थे.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का निधन

नई दिल्ली। भाजपा नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदनलाल खुराना का



शनिवार देर रात निधन हो गया. भाजपा की दिल्ली इकाई ने उनके निधन की पुष्टि की है. 82 वर्षीय खुराना ने रात 11 बजे कीर्ति नगर के अपने घर में आखिरी सांस ली.कई भाजपा नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों ने ट्विटर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है. मदनलाल खुराना के बेटे और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता हरीश खुराना ने बताया है कि उनके पिता का आज तीन बजे निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा.

### बिहारशरीफ में प्रोफेसर की गोली मारकर हत्या

पटना। बिहार में हत्या का एक हिला देने वाला मामला सामने आया है. बिहारशरीफ में एक प्रोफेसर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. हत्या उस समय की गई जब प्रोफेसर मॉर्निंग वॉक के लिए बाहर गए थे. प्रोफ़ेसर अरविंद कुमार जैसे ही एलीट होटल के आगे मिल्की पर पहुंचे इसी बीच एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अपराधियों ने उन पर धावा बोल दिया और दो गोलियां दाग दी. अपराधी हमला करने के बाद आसानी से भाग निकले. गंभीर हालत में उन्हें इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल लाया गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया. बताया जाता है कि वे प्रतिदिन की तरह रविवार को भी मॉर्निंग वॉक के लिए घर से निकले थे और भागन बीघा ओपी अंतर्गत मिल्कीपुर गांव पहुंचे थे. वहीं अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया. घटना की सूचना पाकर बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंचे और पीड़ित परिवार को सांत्वना दिया. मालूम हो कि मृतक एक व्यवसायिक घराने से भी ताल्लुक रखते थे और उनका पूरा परिवार बड़े व्यवसाय से जुड़ा हुआ है. इस घटना के बाद व्यावसायिक वर्ग में भी खासा रोष व्याप्त है. मृतक बिहारशरीफ के पैरू महतो सोमारी कॉलेज में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है.

### नॉर्वे में नाटो के सैन्याभ्यास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

ओस्लो (आरएनएस)। नॉर्वे में नाटो के सबसे बड़े सैन्याभ्यास के विरोध में शनिवार को रैली निकाली गई। यह नार्वे में नाटो का शीत युद्ध खत्म होने के बाद से सबसे बड़े सैन्याभ्यास है। राजधानी ओस्लो में करीब 1,000 प्रदर्शनकारियों ने शहर के मध्य में स्थित आइड्सवॉल स्क्वायर पर एकत्र होकर देश में जारी सैन्याभ्यास ट्राइडेंट जंक्चर 2018 के विरोध में आवाज उठाई।

### पूर्व पाक जज के नाम पर 2,200 रजिस्टर्ड कार मिलने से हड़कंप

इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के एक पूर्व जज सिकंदर हयात को शनिवार को पता चला कि उनके नाम पर 2200 कारें रजिस्टर्ड हैं। हयात के वकील मियां जफर ने पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट को बताया कि उनके क्लाइंट ने अब तक सिर्फ एक ही कार खरीदी है। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र डॉन में प्रकाशित खबर के अनुसार पूर्व जज के नाम पर 2200 कार रजिस्टर्ड होने को लेकर सनसनी मच गई है।

### पटनायक ने दिए जांच के आदेश, छह अधिकारी सस्पेंड

भुवनेश्वर (आरएनएस)। ओडिशा के ढेंकनाल जिले में शनिवार को करंट लगने से सात हाथियों की मौत के मामले में सख्ती दिखाते हुए राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने क्राइम ब्रांच को इस घटना की जांच करने के आदेश दिए हैं।

## अब 'मेक इन इंडिया' का ड्रोन बुझाएगा जंगलों की आग

नई दिल्ली (आरएनएस)। जंगलों हर साल आग की वजह से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। जी हां, उस आग पर काबू पाने के लिए मोदी सरकार ने मेक इन इंडिया योजना के तहत ड्रोन बनाया है जो आग पर काबू पाएगा। खास बात ये है कि यह ड्रोन खुद ही पता लगाने में सक्षम है कि आग कहां लगी है। फिलहाल इस ड्रोन का ट्रायल हिमाचल प्रदेश में शुरु हो चुका है।

फायर फाइटिंग ड्रोन (एफएफडी) का प्रयोग अमेरिका, इंग्लैंड, जापान और चीन समेत कई देशों में पिछले कई साल से हो रहा है। ये पहला मौका होगा जब देश में यह प्रयोग में लाया जाने वाला है। हिमाचल के बाद अब उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, केरल समेत कई राज्य इस तकनीक को अपनाने की दिशा में कदम बढ़ा रहे हैं।

इस ड्रोन के खासियत की बता करें तो यह 30 से 40 मीटर ऊंचाई तक उड़ान भरता है।

## सबरीमाला विरोध प्रदर्शन मामले में अब तक 3,345 से ज्यादा गिरफ्तार



तिरुवनंतपुरम (आरएनएस)। केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में शामिल 3,345 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि राज्य भर में विभिन्न पुलिस थानों में 517 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं।

सबरीमाला तांत्री परिवार के सदस्य और कार्यकर्ता राहुल ईश्वर को रविवार सुबह कोच्चि में गिरफ्तार किया गया। 26 अक्टूबर से अब तक कुल 3,346 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। पुलिस को शिकायत मिली थी कि राहुल ईश्वर ने पिछले सप्ताह कोच्चि में एक संवाददाता सम्मेलन में इस मुद्दे पर भड़काऊ टिप्पणी की थी जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। इस बीच पिछले 12 घंटों में पथनामथित्ता जिले, जहां भगवान अयप्पा का मंदिर स्थित है, के साथ ही तिरुवनंतपुरम, कोझिकोड, एनार्कुलम के पुलिस स्टेशनों में 500 से ज्यादा गिरफ्तारियां दर्ज की गई हैं। पुलिस के मुताबिक, अभी तक केवल 122 प्रदर्शनकारी रिमांड में हैं जबकि अन्य को जमानत पर रिहा कर दिया गया है। हालांकि, केरल पुलिस प्रमुख लोकनाथ बेहरा ने निर्देश दिया है कि उन लोगों की गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए जिन्होंने भजन और प्रार्थनाओं के जरिए अपना विरोध जाहिर किया था। गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने 28 सितंबर को अपने फैसले में 10 से 50 साल तक की उम्र की महिलाओं के मंदिर में प्रवेश करने पर लगे प्रतिबंध को हटा दिया था। गिरफ्तारियों का बचाव करते हुए राज्य के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के सचिव कोदियेरी बालाकृष्णन ने रविवार को मीडिया को बताया कि कानून के शासन का उल्लंघन होने पर यह सामान्य पुलिस कार्रवाई है।

## तिमारपुर इलाके में ट्रॉली बैग में मिली 8 साल की बच्ची की लाश



नई दिल्ली। यमुना बायॉडायवर्सिटी पार्क के पास ट्रॉली बैग में एक 8 वर्षीय लड़की का शव बरामद। लड़की के शव पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पश्चिम बंगाल बीजेपी अध्यक्ष ने ममता को कहा बेशर्म महिला

### रेप मामलों पर किया घेराव

कोलकाता (आरएनएस)। 2019 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों के एक-दूसरे पर हमले तेज हो गए हैं। पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के अध्यक्ष दिलीप घोष ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को साउथ 24 परगना में एक जनसभा के दौरान बेशर्म महिला तक कह दिया।

पश्चिम बंगाल के बीजेपी अध्यक्ष दिलीप घोष ने बताया, मैंने कहा कि जो एक महिला के चरित्र पर उंगली उठाती हैं। एक महिला होकर दूसरी महिला की इज्जत, सम्मान नहीं करती हैं तो इस पर क्या कहेंगे। एक महिला मुख्यमंत्री होते हुए भी बलात्कार बढ़ रहा



है। कोलकाता में एक महिला का बलात्कार हुआ और ममता बनर्जी ने उंगली उठाते हुए कहा कि महिला का चरित्र ठीक नहीं है... यह कैसी बेशर्मी है। एक महिला होकर कैसे एक महिला पर उंगली उठा सकती हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में इन दिनों एक के बाद एक लगातार रेप की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसकी वजह से विपक्षी दल भी सत्तारूढ़ ममता सरकार पर हमलावर हैं।

9 अक्टूबर को दक्षिण कोलकाता के एक निजी स्कूल में पढ़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने टीचर पर रेप का आरोप लगाया। इस घटना के बाद छात्रा के परिजनों ने पुलिस के पास मामले की शिकायत दर्ज कराई। 4 अक्टूबर को पश्चिम बंगाल के हावड़ा में एक लड़की के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया था। इस मामले में पीड़ित लड़की को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## कश्मीर में छह दिन बाद ट्रेन सेवा बहाल

श्रीनगर (आरएनएस)। कश्मीर घाटी में सुरक्षा कारणों से छह दिन तक स्थगित रहने के बाद ट्रेन सेवाएं रविवार को बहाल कर दी गयीं। घाटी में गत एक सप्ताह के दौरान विस्फोट की घटना में सात नागरिक मारे गये जबकि 13 आतंकवादी सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गये और तीन जवान शहीद हो गये।

एक वरिष्ठ रेलवे अधिकारी ने बताया कि कश्मीर घाटी में चलने वाली सभी ट्रेनें सुरक्षा कारणों से छह दिन तक निलंबित रहने के बाद रविवार को फिर से शुरू हुई। गत आठ अक्टूबर के बाद से घाटी में ट्रेन सेवा को 12वीं



बार आंशिक रूप से या पूरी तरह निलंबित कर दिया गया।

उन्होंने बताया कि उत्तर कश्मीर में श्रीनगर-बड़गाम और बारामूला मार्ग पर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ट्रेन चलायी जाएगी। इसी प्रकार, दक्षिण कश्मीर में बडगाम-श्रीनगर-अनंतनाग-काजीगुंड जम्मू क्षेत्र में बनिहाल तक ट्रेनों का परिचालन होगा।

दक्षिण कश्मीर में बडगाम-श्रीनगर-अनंतनाग-काजीगुंड पर जम्मू क्षेत्र में बनिहाल से ट्रेन सेवा को निलंबित कर दिया गया था, उससे पहले कुलगाम में एक मुठभेड़ में जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) के तीन आतंकवादी मारे गए थे। बाद में, अलगाववादियों ने मुठभेड़ स्थल के पास एक विस्फोट में सात नागरिकों की मौत के विरोध में सोमवार को हड़ताल की अपील की थी। उन्होंने कहा कि पिछली रविवार को उत्तरी कश्मीर में ट्रेन सेवा सामान्य थी, जिसे अलगाववादियों की ओर से आहूत हड़ताल के बाद सोमवार से निलंबित कर दिया गया था।

## एसआई पर 50 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप

राजनांदगांव/खैरागढ़। गातापार थाने में पदस्थ एसआई अश्वनी सिंह के पर ग्राम देवरी के रहने वाले शिवा टंडन ने शराब पकड़ने के मामले में 50 हजार रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगाते हुए एसपी राजनांदगांव सहित एसडीओपी खैरागढ़ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। एसडीओपी कार्यालय में दिए गए आवेदन में देवरी निवासी शिवा टंडन ने आरोप लगाया है कि शराब के मामले में उसे एसआई सिंह ने 23 सितंबर को पकड़ गातापार थाने में रातभर बैठाक र मामले को खत्म करने 70 हजार रुपए की मांग की थी। मुखबिर की सूचना पर एसआई सिंह ने शिवा को 11 पाव शराब के साथ पकड़ा था। शिवा ने पत्र में आरोप लगाया कि राशि मांगने के दौरान सिंह ने बड़े मामले में फंसाने का दबाव बनाया था, जिसके बाद दूसरे दिन पुत्र हेमचंद टंडन 10 हजार रुपए लेकर थाना पहुंचा था, लेकिन इतने में मानने से इंकार करने पर परिजनों ने खैरागढ़ से रिश्तेदार से 40 हजार रुपए उधार लाकर एसआई को 50 हजार रुपए की राशि दी थी। जिस पर एसआई ने छोटा मोटा केस बनाकर एक दो पेशी में मामला खत्म हो जाने का हवाला दिया था।



शिवा टंडन ने पत्र में कहा कि 24 अक्टूबर को मामले के न्यायालय में पेश होने के दौरान पता चला कि गातापार थाना द्वारा 34, 1 के साथ 151 की धारा लगाई गई है, जिसके कारण अधिवक्ता रखकर जमानत कराना पड़ गया। शिवा टंडन ने आरोप लगाया कि बड़ी राशि लेने के बाद भी मामला बनाने के बाद अब कर्ज देने वाले रिश्तेदार राशि वापस करने दबाव डाल रहे हैं। ऐसे में मानसिक रूप से परेशानी बढ़ गई है। शिवा टंडन ने मामले में एसआई अश्विनी सिंह पर कार्रवाई कर राशि वापस करने की मांग की है।

## यहूदी प्रार्थना स्थल पर गोलीबारी में 11 लोगों की मौत

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के पिट्सबर्ग में शनिवार को यहूदियों के एक प्रार्थना स्थल पर हुई गोलीबारी में कम से कम 11 लोग मारे गए हैं जबकि तीन पुलिसकर्मियों सहित कई अन्य घायल हो गए हैं। स्थानीय मीडिया में इस संबंध में खबरें आयी हैं। हालांकि आधिकारिक रूप से यह सूचना नहीं मिली है कि घटना में कितने लोग मारे गए हैं और कितने लोग घायल हुए हैं। लेकिन स्थानीय मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, 11 लोग मारे गए हैं जबकि तीन पुलिसकर्मियों सहित छह



लोग घायल हुए हैं। स्थानीय मीडिया में आयी खबरों के अनुसार, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में घायल होने के बाद हमलावर रॉबर्ट बोवर्स (46) ने आत्मसमर्पण कर दिया। खबरों के अनुसार हमलावर दाढ़ी वाला और श्वेत व्यक्ति है। घायल होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। एफबीआई इसे घृणा अपराध मानकर घटना की जांच कर रही है। गोलीबारी करने से पहले हमलावर कथित रूप से भवन में घुसा और चिल्लाया ''सभी यहूदियों को मर जाना चाहिए।'' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे बेहद दुखद स्थिति बताया। उन्होंने कहा, पिट्सबर्ग में जितना सोचा था हालात उससे बहुत ज्यादा दुखद हैं।

## नौपोरा के पंचायत घर में लगाई गई आग, आतंकियों का खौफ जारी



जम्मू-कश्मीर। सोपोर में नौपोरा के एक पंचायत के घर कल रात अज्ञात लोगों द्वारा आग लगाई गयी। आग निविदाएं मौके पर पहुंचीं।

## मिनी बस और ट्रक की टक्कर से 14 लोगों की मौत, 2 लोग घायल

एजेंसी। इथोपिया के अम्हारा प्रांत में मिनी बस और सेना के ट्रक के बीच



टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई। शिन्हुआ ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से शनिवार को बताया कि इथोपिया के उत्तरी प्रांत अम्हारा में मिनी बस और ट्रक की टक्कर में 14 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि इथोपिया में जानलेवा सड़क हादसे आम हैं और वर्ष 2017-18 के दौरान लगभग 4500 लोग इसके कारण अपनी जान गवां चुके हैं।

## सेना के कैंप पर आतंकी हमला, एसपीओ को मारी गोली

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर में रविवार को त्राल में सेना के कैंप पर आतंकियों ने हमला कर दिया वहीं बडगाम में शनिवार देर रात एसपीओ को गोली मार दी। हमले में राज्य पुलिस का एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गया।

त्राल में हुए हमलें में में किसी के हताहत होने की जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। दूसरी ओर आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक बडगाम जिले के चरार-ए-शरीफ में कल देर रात कुछ आतंकवादियों ने राज्य पुलिस के एक एसपीओ मोहम्मद हफीज के घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में एसपीओ मोहम्मद हफीज घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मी को तुरंत नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए श्रीनगर के एक अस्पताल में भेज दिया गया। एसपीओ मोहम्मद हफीज चरार-ए-शरीफ के उपजिला-अधिकारी के कार्यालय में कार्यरत हैं। हमले के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर आतंकवादी फरार हो गये। एसपीओ पर हमला करने वाले आतंकवादियों को पकड़ने के लिए क्षेत्र में तलाश अभियान चलाया जा रहा है।